भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या-180

जिसका उत्तर 09 दिसंबर, 2021 को दिया जाना है ।

वर्तमान में चल रही विद्युत परियोजनाएं

***180. श्री अजय कुमार मंडल:**

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) बिहार में विशेषकर भागलपुर जिले में वर्तमान में चल रही विद्युत परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) इन परियोजनाओं के अंतर्गत गत दो वर्षों के दौरान संस्वीकृत आबंटित की गई और उपयोग में लाई गई धनराशि कितनी है;

(ग) क्या इनमें से कुछ परियोजनाओं को अत्यधिक लागत/अत्यधिक समय लिए जाने की समस्या का सामना करना पड़ रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा इन परियोजनाओं को समय पर पूरा करने हेतु क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर

विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री
(श्री आर.के. सिंह)

(क) से (घ) : विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

<u>**विवरण**</u>

"वर्तमान में चल रही विद्युत परियोजनाएं" के बारे में लोक सभा में दिनांक 09.12.2021 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न संख्या 180 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

****

(क) से (ग) : विगत दो वर्षों और चालू वर्ष (अक्तूबर, 2021 तक) के दौरान व्यय सहित बिहार में निर्माणाधीन विद्युत परियोजनाओं के ब्यौरे **अनुबंध** में दिए गए हैं। जहां तक भागलपुर जिले का संबंध है, वहां 2340 मेगावाट (4X210 मेगावाट और 3X500 मेगावाट) का एनटीपीसी का कहलगांव सुपर थर्मल विद्युत संयंत्र पहले से ही प्रचालनरत है।

(घ) : विद्युत परियोजनाओं का समय से पूरा किया जाना सुनिश्चित करने के लिए विद्युत मंत्रालय (एमओपी)/केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) द्वारा निम्नलिखित कार्रवाई की गई है/कदम उठाए गए हैं:

- एमओपी/सीईए बारंबार कार्यस्थल के दौरों और विकासकर्ताओं तथा अन्य हितधारकों के साथ बातचीत द्वारा निर्माणाधीन विद्युत परियोजनाओं की प्रगति की निगरानी करते हैं। सीईए परियोजना को चालू किए जाने के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों को चिह्नित करने और उनका समाधान करने के लिए विकासकर्ताओं तथा अन्य पणधारियों के साथ आवधिक रूप से समीक्षा बैठकें आयोजित करता है।
- विद्युत मंत्रालय में त्वरित समाधान को सुकर बनाने के लिए अंतर्मंत्रालयी बाधा क्षेत्रों और अन्य बकाया मामलों को चिह्नित करने के लिए नियमित समीक्षा भी की जाती है।
- विद्युत मंत्रालय (एमओपी) की केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (सीपीएसयू) परियोजनाओं के मामले में, संबंधित सीपीएसयूज़ और एमओपी के मध्य हस्ताक्षरित वार्षिक समझौता-ज्ञापन में परियोजना कार्यान्वयन के पैरामीटरों/लक्ष्यों को शामिल किया जाता है और सीपीएसयूज़ की त्रैमासिक प्रदर्शन समीक्षा बैठकों और एमओपी/सीईए में आयोजित अन्य बैठकों के दौरान इसकी निगरानी की जाती है।
- परियोजना कार्यान्वयन एजेंसियों की मामलों के समाधान में सहायता सुलभ करने के लिए परियोजना कार्यान्वयन से संबंधित विभिन्न मामलों को राज्य सरकार/जिला प्रशासन के साथ उठाया जा रहा है।
- मार्गाधिकार (आरओडब्ल्यू) मामलों के समाधान में परियोजना कार्यान्वयन एजेंसियों की सहायता करने के लिए मामलों को राज्य सरकार/जिला प्रशासन के साथ उठाया जाता है।

****

अनुबंध

"वर्तमान में चल रही विद्युत परियोजनाएं" के बारे में लोक सभा में दिनांक 09.12.2021 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न संख्या 180 के उत्तर में दिए गए विवरण के भाग (क) से (ग) में उल्लिखित अनुबंध।

****

क्रम सं.	परियोजना का नाम/जिला	यूनिट/क्षमता (मेगावाट)	ट्रायल रन की मूल तिथि	प्रत्याशित ट्रायल रन	समय आधिक्य (वर्ष)	व्यय (करोड़ में)			मूल लागत (करोड़ में)	नवीनतम लागत (करोड़ में)	लागत आधिक्य (%)
						वित्तीय वर्ष 2019-20	वित्तीय वर्ष 2020-21	वित्तीय वर्ष 2021-22 (अक्तूबर, 2021 तक)			
ए	बी	सी	डी	ई	एफ	जी	एच	आई	जे	के	एल
1	एनटीपीसी - बाढ़ सुपर ताप विद्युत परियोजना (एसटीपीपी)/पटना	यू-2/660	दिसंबर-10	जून-22	11.6	1502.5	1123	689.6	8693	21312	145.16%
		यू-3/ 660	अक्तूबर-11	जुलाई-23	11.9						
2	एनटीपीसी- नबी नगर एसटीपीपी /औरंगाबाद	यू -3/ 660	मई-18	फरवरी-22	3.9	1373.2	1249	608	13624	17304	27.01%
3	एसजेवीएन-बक्सर ताप विद्युत परियोजना/बक्सर	यू -1/ 660	मई-23	मई-23	शून्य	344.5	1100	1511	10439	10439	0.00%
		यू -2/ 660	सितंबर-23	सितंबर-23	शून्य						

****